संख्या-34/2427 ई-2/तेरह-2014-63/2014

प्रेषक,

सुनील कुमार पाण्डेय,
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

आबकारी अनुभाग-2 लखनउ::दिनांक 02 दिसम्बर,2014

विषय:-मे0 विन्सन परफ्यूम्स एण्ड कास्मेटिक्स प्रा0लि0, नोयडा, गौतमबुद्धनगर को परफ्यूम्स के निर्माण हेतु एल0-1 अनुज्ञापन स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-जी-61/चौबीस-231/2012, दिनांक 25 अगस्त,2014 तथा शासन के पत्र संख्या-29/2321 ई-2/तेरह-2014-63/2014 दिनांक 19 नवम्बर,2014 का संदर्भ् ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन के उक्त् संदर्भित पत्र दिनांक 19 नवम्बर,2014 द्वारा मे0 विन्सन परफ्यूम्स एण्ड कास्मेटिक्स प्रा0लि0, नोयडा, गौतमबुद्धनगर को विहित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन परफ्यूम्स के निर्माण हेतु एल0-1 अनुज्ञापन स्वीकृत/प्रदान किये जाने की अनुमति प्रदान की गई है। उक्त शासनादेश में इकाई के वार्षिक कोटे का उल्लेख नहीं है। अत: एतद्द्वारा उक्त शासनादेश दिनांक 19 नवम्बर,2014 के प्रस्तर-2 में यह अंकित किया जाता है कि मे0 विन्सन परफ्यूम्स एण्ड कास्मेटिक्स प्रा0लि0, नोयडा, गौतमबुद्धनगर को टायलेट प्रिपरेशन्स अर्थात् परफ्यूम्स के निर्माण हेतु 2.4 लाख बल्क लीटर डिनेचर्ड ई0एन0ए0 के वार्षिक कोटे के साथ एल0-1 अनुज्ञापन शासनादेश दिनांक 19 नवम्बर,2014 में विहित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन स्वीकृत/प्रदान करने की अनुमति दी जाती है।

कृपया तदनुसार आगामी आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुनील कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://sirsaganesh.upnic.in/govtintra